दरिंदगी शुरूआत में तीन छात्रों पर सामूहिक दुष्कर्म का आरोप, काउंसलिंग में गैंगरेप की पुष्टी नहीं, आरोपी हिरासत में, जल्द होगा खुलासा

दुष्कर्म से गर्भवती हुई नाबालिग ने बच्चे को दिया जन्म



नवभारत, कटनी। जिले के एनकेजे थाना क्षेत्र में एक 15 वर्षीय नाबालिग बच्ची के साथ के तीन छात्रों द्वारा गैंगरेप करने का मामला सामने आने से सनसनी फैल गई है। घटना का खुलासा तब हुआ जब पेट दर्द की शिकायत के बाद बच्ची को अस्पताल में भर्ती कराया गया। डॉक्टरों ने बालिका की जांच कर बताया कि वह गर्भवती है और प्रसव का समय भी पूरा हो गया। जिसके बाद डॉक्टरों ने उसका प्रसव भी कराया। बालिका के प्रसव के दौरान एक बच्चे को जन्म दिया। पुलिस ने इसम मामले में प्रकरण दर्ज करते हुए विवेचना शुरू कर दी है। दुष्कर्म करने वालों का पता लगाया रहा है। जानकारी के अनुसार एनकेजे क्षेत्र की निवासी नाबालिग को पिछले कुछ दिनों से पेट में तेज दर्द की शिकायत थी। परिजन उसे उपचार के लिए शहर के एक प्रतिष्ठित निजी अस्पताल लेकर पहुंचे। परीक्षण के दौरान डॉक्टरों ने पाया कि नाबालिग गर्भवती है। उसकी स्थिति को देखते हुए तत्काल डिलीवरी करानी पड़ी, पीड़ित ने एक बेटे को जन्म दिया है। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। प्रारंभिक पूछताछ में पीड़ित बालिका ने बताया कि वह एक सरकारी स्कूल में दसवीं कक्षा में अध्यनरत थी। घटना वर्ष 2025 के जून माह की है। जहां उसी के स्कूल के छात्रों ने अपनी पहचान छिपाने के लिए चेहरे पर मास्क पहन रखा था और डरा-धमका कर उसके साथ दरिंदगी की। डर के कारण पीड़िता ने इतने महीनों तक अपने साथ ही दरिंदगी की जानकारी किसी को नहीं दी थी। हालांकि इस जानकारी को पुलिस सही नहीं मान रही है।

गैंगरेप की पुष्टी नहीं

एनकेजे पुलिस का कहना है कि नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में गैंगरेप की पुष्टि नहीं हुई है। पुलिस ने आरोपियों को हिरासत में ले लिया है। पुलिस ने बताया कि नाबालिग के डिलीवरी के बाद उससे बाल कल्याण समिति द्वारा संयुक्त काउंसलिंग की गई है। पूछताछ में सामने आया है कि पीड़िता के एक मित्र ने उसकेसाथ दुष्कर्म किया था। तनकीकी साक्ष्यों और जांच में गैंगरेप की पुष्टी नहीं है, पुलिस ने आरोपी को हिरासत में ले लिया है। वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। पुलिस ने इस मामले में गैंगरेप का मामला दर्ज कर मामले विवेचना शुरू कर दी गई है। बताया जा रहा है कि पीड़िता के पिता तलाक होने के बाद से घर पर नहीं रहते हैं, मां शासकीय विद्यालय मेंशिक्षक के पद पर कार्यरत है। इस मामले में पुलिस का कहना है कि आरोपी को हिरासत में ले लिया गया है।

आरोपी से पूछताछ की जा रही है। जल्द ही इस मामले की सच्चाई तक पुलिस पहुंच जाएगी। मामले की विवेचना जारी है।

शिकायत के बाद जनसुनवाई में ही की गई ई-केवायसी

बड़वारा में आयोजित जनसुनवाई में पहुंचे कलेक्टर, सुनी शिकायतें

नवभारत, कटनी। कलेक्टर आशीष तिवारी ने मंगलवार को बड़वारा पहुंच कर 48 फरियादियों की बात ध्यान से सुनीं। इस दौरान उन्होंने कई समस्याओं का मौके पर ही निराकृत कर दिया। बड़वारा में आयोजित जनसुनवाई में कलेक्टर ग्राम बड़वारा निवासी रामकुमार यादव ने बताया कि मेरे समग्र परिवार आईडी में मेरी बेटी मनीषा यादव की सदस्य आईडी में पिता का नाम खाली है और माता के नाम में पिता का नाम दिख रहा है। जिसके कारण मेरी बेटी का आयुष्मान कार्ड में केवायसी नहीं हो रही है। मेरी बेटी का इलाज कटनी में चल रहा है। डॉक्टर ने ऑपरेशन के लिए कहा है। इस कारण मेरी बेटी के ईलाज के लिए आयुष्मान कार्ड नहीं चल पा रहा है। इस पर कलेक्टर के निर्देश पर जनसुनवाई के दौरान ही ई-केवाईसी कर दी गई। जनपद पंचायत बड़वारा के उपाध्यक्ष रामसेवक दुबे ने कलेक्टर को जानकारी दी गई कि बड़वारा थाना के अंतर्गत प्रत्येक गांव में जगह-जगह अवैध शराब की पैकारियां चलाई जा रही है। इस पर कलेक्टर ने बड़वारा थाना के टीआई को आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई के दौरान गुरूनानक वार्ड निवासी लक्ष्मण प्रसाद ने बताया कि ग्राम बडवारा खुर्द में स्थित भूमि के राजस्व अभिलेख में 1989 से पूर्व मेरा नाम लक्ष्मण प्रसाद दर्ज था। लेकिन त्रुटि वश लक्ष्मण के स्थान पर लखन दर्ज हो गया। इस संबंध में नाम सुधार के लिए उसके द्वारा पूर्व में आवेदन दिया गया था। लेकिन अब तक नाम सुधार नहीं हो सका है। इस पर कलेक्टर ने एसडीएम को समय-सीमा में नाम सुधार करने के निर्देश दिए। ग्राम बंजर बरेला निवासी कैलाश गुप्ता ने गरीबी रेखा में नाम जुड़वाने की मांग की। कलेक्टर ने तहसीलदार बहोरीबंद को पात्रतानुसार गरीबी रेखा में नाम जुड़वाने के निर्देश दिए हैं।

एक नजर में

धारदार चाकू सहित आदतन अपराधी गिरफ्तार

नवभारत, कटनी। कोतवाली थाना क्षेत्र में धारदार चाकू लेकर घूम रहे एक युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी युवक के पास से धारदार बटनदार चाकू जब्त किया गया है। पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने बताया कि कोतवाली थाना प्रभारी राखी पांडेय द्वारा प्रतिदिन क्षेत्र में लगातार पैट्रोलिंग और भ्रमण करते हुए रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड, खिरहनी फाटक, फारेस्टर प्ले ग्राउंड सहित सभी संभावित स्थानों पर लगातार संदेहियों की जांच की जा रही है। पैट्रोलिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने लाल ग्राउंड के पास दबिश देकर घेराबंदी करते हुए एक युवक रोका। युवक की तलाश के दौरान उसके पास से एक बटनदार धारदार चाकू मिला। पुलिस युवक के पास से चाकू जब्त कर लिया है। पुलिस ने के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए उसे गिरफ्तार कर लिया है। पकड़ा गया आरोपी खिरहनी फाटक क्षेत्र निवासी सुमित पिता संतोष जाटव है। कोतवाली थाना प्रभारी राखी पांडेय ने बताया कि अवैध शस्त्र के साथ पकड़ा गया आरोपी थाना क्षेत्र का एक आदतन अपराधी है जिसके खिलाफ गाली गलौज, मारपीट, अवैध वसूली, अवैध शस्त्र कब्जे में रखने के मामले दर्ज है। पूरी कार्रवाई पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ संतोष डेहरिया और नगर पुलिस अधीक्षक नेहा पच्चीसिया के मार्गदर्शन में की गई। कार्रवाई कोतवाली थाना प्रभारी राखी पांडेय, एसआई कुलदीप सिंह, प्रधान आरक्षक वीरेन्द्र तिवारी, आरक्षक अजय प्रताप सिंह, उपेन्द्र सिंह, अमित सिंह की भूमिका रही।

श्रीराम महायज्ञ की निकाली गई भव्य कलश यात्रा

प्राचीन बावली हनुमान मंदिर प्रांगण में किया जा रहा आयोजन

नवभारत, उमरियापान। जिले के उमरियापान नगर स्थित प्राचीन बावली हनुमान मंदिर प्रांगण में आयोजित श्रीराम महायज्ञ के शुभारंभ अवसर पर भव्य कलश यात्रा का आयोजन किया गया। कलश यात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से होकर श्रद्धा और भक्ति के वातावरण में निकाली गई, जिसमें काफी संख्या में श्रद्धालू शामिल हुए। कलश यात्रा में पारंपरिक वेशभूषा में महिलाओं ने सिर पर कलश धारण कर यात्रा की। वहीं पुरुष श्रद्धालु भजन-कीर्तन करते हुए चल रहे थे। ढोल-नगाड़ो की धुन पर भव्य कलश यात्रा निकाली यात्रा बावली हनुमान मंदिर से प्रारंभ होकर नगर के न्यू बस स्टैंड, झंडा चौक, बड़ी माई मंदिर, संन्यासी मंदिर, अथैया मुहल्ला, मचखंडा मुहल्ला, कटरा बाजार आदि प्रमुख मार्गों से होते हुए दोबारा हनुमान मंदिर परिसर में संपन्न हुई। समिति के सदस्यों ने बताया कि श्रीराम महायज्ञ वैदिक मंत्रोच्चार, हवन-पूजन, रामकथा और भंडारे का आयोजन किया जाएगा। कलश यात्रा और महायज्ञ आयोजन से नगर में धार्मिक और आध्यात्मिक वातावरण बना हुआ है।

वेस्ट सेंट्रल रेलवे जीएम ने किया खन्ना बंजारी स्टेशन का निरीक्षण

सुविधा विस्तार के लिए रेलवे जीएम को सौंपा गया ज्ञापन

नवभारत, बरही। खन्ना बंजारी रेलवे स्टेशन में पश्चिम मध्य रेलवे की महाप्रबंधक श्रीमती शोभना बंदोपाध्याय के निरीक्षण कार्यक्रम के दौरान क्षेत्रवासियों, जनप्रतिनिधियों और सामाजिक कार्यकर्ताओं द्वारा रेल सुविधाओं के विस्तार को लेकर एक विस्तृत ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में सिंगरौली रेलखंड पर संचालित समस्त साप्ताहिक ट्रेनों का खन्ना बंजारी रेलवे स्टेशन पर ठहराव किए जाने की मांग की गई। प्रतिनिधियों ने बताया कि खन्ना बंजारी स्टेशन क्षेत्र के कई गांवों और औद्योगिक क्षेत्रों का प्रमुख रेलवे स्टेशन है, बावजूद इसके यहां साप्ताहिक ट्रेनों का ठहराव नहीं होने से यात्रियों को कटनी एवं अन्य दूरस्थ स्टेशनों तक जाना पड़ता है, जिससे समय और धन दोनों की हानि होती है।

इसके साथ ही सिंगरौली से भोपाल के बीच संचालित सिंगरौली-भोपाल एक्सप्रेस ट्रेन को इंदौर तक विस्तारित किए जाने की मांग रखी गई। ज्ञापन में कोरोना काल से बंद हुई कटनी-चोपन, चोपन-कटनी पैसेंजर ट्रेन को तत्काल संचालित किए जाने की मांग को भी प्रमुखता से उठाया गया। प्रतिनिधियों ने बताया कि यह पैसेंजर ट्रेन दैनिक यात्रियों, मजदूरों, छात्रों और छोटे व्यापारियों के लिए जीवनरेखा के समान थी।

इसके बंद होने से ग्रामीण अंचलों के लोगों को निजी साधनों या महंगे विकल्पों का सहारा लेना पड़ रहा है। महाप्रबंधक श्रीमती शोभना बंदोपाध्याय ने ज्ञापन की मांगों पर विचार कर कार्रवाई का आश्वासन दिया।

उन्होंने कहा कि रेलवे जनसुविधाओं के विस्तार के प्रति संवेदनशील है और यात्री हितों को प्राथमिकता दी जाती है। क्षेत्रवासियों ने आशा व्यक्त की कि उनकी मांगों पर जल्द सकारात्मक निर्णय लिया जाएगा। इस इस अवसर पर नगर परिषद अध्यक्ष पीयूष अग्रवाल, रेल विकास समिति बरही के अध्यक्ष प्रवीण त्रिवेदी डब्बू, संतोष द्विवेदी, सुरेश सोनी पंडा, सरमन सोनी, इक़बाल पवार, नंदू गुप्ता, ज्योति उपाध्याय, किरण ठाकुर, न्यूम खान पप्पू, तीरथ पटेल, रजनीश नामदेव, मोहन सिंह गोड़ सहित अन्य की उपस्थिति रही।

अवैध उत्खनन और परिवहन पर चार डंपर, एक पोकलेन मशीन जब्त

राजस्व, पुलिस और खनिज की संयुक्त टीम ने की कार्रवाई

नवभारत, बाकल। बहोरीबंद तहसील के ग्राम पड़ेरही में कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देश पर अवैध खनिज उत्खनन व परिवहन के विरुद्ध सोमवार को बड़ी कार्यवाही की गई। इस दौरान अवैध खनन में लिप्त 4 डंपर ट्रिपर जब्त कर बहोरीबंद पुलिस थाना परिसर में खड़े कराये गये। जबकि एक पोकलेन मशीन को भी जब्त कर सुपुर्दगी में सौंपा गया। कलेक्टर श्री तिवारी की अध्यक्षता में बीते दिनों आयोजित जिला टास्क फोर्स समिति की बैठक में राजस्व, पुलिस और खनिज विभाग को संयुक्त रूप से अवैध खनिज परिवहन एवं उत्खनन के विरुद्ध कार्यवाही करने के कलेक्टर ने सख्त निर्देश दिए थे। इस कार्रवाई के दौरान एसडीएम बहोरीबंद राकेश कुमार चौरसिया, एसडीओपी आकांक्षा चतुर्वेदी, नायब तहसीलदार आकाशदीप नामदेव, सहायक खनिज अधिकारी पवन कुशवाहा, खनिज निरीक्षक कमलकांत परस्ते और पुलिस बल मौके पर मौजूद रहे। यहां ग्राम पड़रेही में लेटराइट और बाक्साइट की खदान स्वीकृत है। उपसंचालक खनिज श्री रत्नेश दीक्षित ने बताया कि खदान संचालक के पास मध्यप्रदेश प्रदूषण नियंत्रण मंडल की अनुमति नहीं थी।

जिस वजह से वैधानिक रूप से ट्रांजिट पास नहीं कट पा रही थी। इस प्रकार खनिज परिवहन दस्तावेज नहीं होने की वजह से मौके पर इस कार्य में लिप्त सभी वाहनों को जब्त कर लिया गया।

आमने-सामने टकराई बाइक, दो की मौत, दो गंभीर

जिले के रीठी क्षेत्र के टहकारी में हुआ दर्दनाक हदासा

नवभारत, रीठी। जिले के रीठी थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम टहकारी में मंगलवार शाम करीब 5 बजे एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। यहां दो बाइकों की आमने-सामने से जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही रीठी थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने 112 वाहन की मदद से घायलों को तत्काल उपचार के लिए रीठी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा, जहां उनका इलाज जारी है। वहीं हादसे में मृत दोनों व्यक्तियों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए शवगृह में सुरक्षित रखवाया गया है। फिलहाल मृतकों और घायलों की पहचान नहीं हो सकी है। पुलिस आसपास के गांवों से जानकारी जुटाने के साथ-साथ मामले की जांच में जुटी हुई है। प्रारंभिक तौर पर तेज रफ्तार और लापरवाही को हादसे का कारण माना जा रहा है, हालांकि पुलिस जांच के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो पाएगी।

महापौर ने सुनी शहरवासियों की शिकायतें, दिए निराकरण के निर्देश

नगर निगम में आयोजित की गई जनसुनवाई

नवभारत, कटनी। शहरवासियों की शिकायतों और समस्याओं के तत्काल और प्रभावी समाधान के उद्देश्य को लेकर महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी ने हर मंगलवार को जनुसनवाई करने की पहल की है। इस पहल के बाद मंगलवार को दूसरी बातर जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जनसुनवाई में महापौर ने शहर के विभिन्न क्षेत्रों से आए नागरिकों के आवेदनों, शिकायतों को गंभीरता पूर्वक सुना। इस दौरान उन्होंने संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्राप्त आवेदनों पर प्राथमिकता के आधार पर समयबद्ध और पारदर्शी ढंग से कार्रवाई सुनिश्चित की जाए, ताकि आम नागरिकों को अनावश्यक कठिनाइयों का सामना न करना पड़े जनसुनवाई के दौरान नागरिकों द्वारा सड़क, सफाई, जलापूर्ति ,खाद्य पर्ची, अतिक्रमण, जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र, नाली-नालों की समस्या सहित अन्य मूलभूत सुविधाओं से जुड़े आवेदन प्रस्तुत किए गए। महापौर ने प्रत्येक आवेदन पर व्यक्तिगत रूप से चर्चा करते हुए संबंधित विभागाध्यक्षों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जनसुनवाई में 21 आवेदन प्राप्त हुए। जिनमें से जिन मामलों में तत्काल निराकरण संभव था, उन्हें मौके पर ही निस्तारित कर दिया गया, जबकि शेष आवेदनों पर संबंधित विभागों द्वारा कार्रवाई प्रक्रियाधीन है। महापौर ने जनसुनवाई का उद्देश्य लोगों और प्रशासन के बीच सीधा संवाद करना है, उन्होंने आश्वासन दिया कि भविष्य में भी नियमित रूप से इस तरह के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

तेंदुए ने पांच बकरियों और तीन भैंसों का किया शिकार

नवभारत, कटनी। जिले के विजयराघवगढ़ वन परिक्षेत्र में सोमवार-मंगलवार की दरमियानी रात महगांव ग्राम में तेंदुए ने एक घर में घुसकर पांच बकरियों और तीन भैंसों का शिकार कर दहशत फैला दी। जानकारी के अनुसार महगांव निवासी किसान मीना बाई पंजाबी के घर के पास बने बाड़े में तेंदुआ देर रात घुसा। तेंदुए ने वहां बंधी पांच बकरियों और तीन भैंसों पर हमला कर उन्हें मार डाला। सुबह जब पशुपालक मीना अपने मवेशियों को देखने पहुंचीं, तो सभी जानवर मृत अवस्था में मिले। घटना से गांव में दहशत का महौल है। ग्रामीणों का कहना है कि तेंदुए की सक्रियता लगातार ग्रामीण क्षेत्र के रिहायसी इलाके में बढ़ रही है, जिससे अब घर से बाहर निकलने में भी डर लग रहा है। घटना की सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम महगांव पहुंची। वन विभाग के अधिकारियों ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान घटना स्थल पर तेंदुए के स्पष्ट पदचिह्न मिले है। वन विभाग के अधिकारियों ने कार्रवाई करते हुए आसपास के जंगलों में सर्चिंग अभियान शुरू कर दिया है ग्रामीणों को सतर्क रहने के लिए कहा गया है।

कार्यालय नगरपालिक निगम, कटनी (म.प्र.)

क्रमांक/195/मुख्य स्टोर/2025-26 — **निविदा आमंत्रण सूचना** — कटनी, दिनांक:- 29/01/2026

निम्नलिखित कार्य हेतु पंजीकृत फर्मों से आन लाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत वेबसाइट https://mptenders.gov.in पर देखी जा सकती है।

क्रं.	टेण्डर क्रमांक	सामग्री का विवरण	मात्रा	कार्य की समयावधि	निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD	निविदा की अंतिम तिथि
1.	2026_UAD_479360_1	ई लायब्रेरी हेतु फर्नीचर क्रय	आवश्यकता नुसार	30 दिवस	5000.00 15000.00	02/03/2026

नोट :- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाइन https://mptenders.gov.in की वेबसाईट पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा तथा निविदाकारों को सभी सामग्री की दरें प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।

प्राधिकृत अधिकारी
नगर पालिक निगम कटनी

बैठक कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में आयोजित की गई समय-सीमा की बैठक में कलेक्टर ने की समीक्षा, दिए निर्देश

नॉट अटेंडेंट शिकायत मिलने पर कटेगा वेतन, लाड़ली लक्ष्मी योजना का कराएं पंजीयन

नवभारत, कटनी। कलेक्टर आशीष तिवारी ने समय-सीमा की बैठक में लंबित प्रकरणों की समीक्षा की। उन्होने कहा कि सभी विभाग सीएम हेल्पलाइन शिकायतों का निराकरण समय पर, गुणवत्तापूर्ण तरीके से कराएं। शिकायतें नॉट अटेंड पाए जाने पर अधिकारियों की वेतन कटौती की कार्रवाई की जाएगी। बैठक में जिला पंचायत सीईओ हरसिमरनप्रीत कौर, नगर निगम आयुक्त तपस्या परिहार, अपर कलेक्टर नीलांबर मिश्रा मौजूद रहे। कलेक्टर ने निगम आयुक्त को पीएम स्वनिधि के अंतर्गत लंबित प्रकरणों में अधिक से अधिक ऋण स्वीकृत कराने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने अधिकारियों को राज्य मानवाधिकार आयोग के लंबित प्रकरणों में समय पर प्रतिवेदन प्रेषित करने के निर्देश दिए। बैठक के दौरान पोषण ट्रैकर ऐप के अनुसार कुपोषित, गंभीर कुपोषित, पोषण पुनर्वास केंद्रों में भर्ती बच्चों की जानकारी, लाड़ली लक्ष्मी योजना में नवीन पंजीयन की समीक्षा की गई। लाड़ली लक्ष्मी योजना में कम पंजीयन पर कलेक्टर ने महिला एवं बाल विकास विभाग के सभी परियोजना अधिकारियों को अधिक से अधिक पंजीयन कराने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने धरती आबा जनजातीय उत्कर्ष अभियान के अंतर्गत प्रधानमंत्री उज्ज्वला 3.0 योजना के तहत आदिवासी परिवारों की ई-केवाईसी कराने, नि:शुल्क गैस, चूल्हा, गैस सिलेंडर से लाभान्वित कराने के निर्देश जिला आपूर्ति अधिकारी को दिए। कलेक्टर ने उपसंचालक कृषि को प्रधानमंत्री कृषक मित्र सूर्य योजना के तहत सोलर पंप वितरण का लक्ष्य शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए। योजनांतर्गत जिले के 559 किसानों को 90 प्रतिशत अनुदान पर सोलर पंप प्रदान किए जाने हैं। बैठक में कलेक्टर ने जनपद पंचायत रीठी, बड़वारा, ढीमरखेड़ा को समग्र ई-केवाईसी कार्य में गति लाने के निर्देश दिए। उन्होंने पीएम किसान सम्मान निधि, एनपीसीआई कैंपों में फार्मर आईडी रजिस्ट्री में कम प्रगति पर नाराजगी जाहिर की। साथ ही कम प्रगति वाले, कार्यों में रुचि नहीं लेने वाले पटवारियों को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने जिले में 12 जनवरी से शुरू हुए संकल्प से समाधान अभियान की समीक्षा करते हुए सभी विभागों को अपने विभाग की योजनाओं, कार्यक्रमों के अंतर्गत प्राप्त आवेदनों को पोर्टल में ऑनलाइन दर्ज करने के निर्देश दिए। जनपद पंचायतों के सीईओ, नगरीय निकायों, तहसीलदारों को बच्चों के जन्म प्रमाण पत्र से संबंधित लंबित आवेदनों पर कार्रवाई कर अभियान के अंतर्गत अगले एक सप्ताह में शत-प्रतिशत जन्म प्रमाण पत्र बनाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने सभी विभागों के कार्यों की समीक्षा कर बेहतर कार्य करने के निर्देश दिए हैं।

धर्मलोक हॉस्पिटल
A unit of Dharmlok Hospital Pvt. Ltd.
AN ISO 9001 : 2015 CERTIFIED

दूरबीन से पित्त की पथरी की सर्जरी, दूरबीन से अपेंडिक्स सर्जरी, दूरबीन से ओपन पेट की सर्जरी, उन्नत तकनीक (स्टेपलर/लेटर) के फिस्टुला सर्जरी, स्तन सर्जरी, किडनी/ प्रोस्टेट/मूत्रालशय सर्जरी, मधुमेह पैर की देखभाल/सर्जरी, तीव्र और जीर्ण घाव प्रबंधन।

सामान्य एवं सिजेरियन डिलीवरी, अंडेदानी की गठान, उच्च जोखिम वाली गर्भावस्था, नि:संतानता, बच्चेदानी निकालना, सफेद पानी का इलाज, गर्भवती महिलाओं की सोनोग्राफी, बार-बार गर्भपात होना, पॉलिसिस्टिक ओवेरियन डिजीज/सिंड्रोम।

डॉ. राजेश बत्रा — एम.एस., एफ.एम.ए.एस., एफ.आई.ए.जी.ई.एस., एफ.ए.आई.एस. — जनरल और लैप्रोस्कोपिक सर्जन

डॉ. हर्षा बत्रा — एमडी (ओबीजी) सोनोग्राफी डिप्लोमा — स्त्री, प्रसूति एवं बांझपन विशेषज्ञ

आयुष्मान कार्डधारी मरीजों का एवं हेल्थ इंश्योरेंस कार्ड धारी मरीजों का नि:शुल्क इलाज किया जाता है।
ओपीडी सुबह 11:00 बजे से सायं 5:00 बजे तक

पता-आदर्श कालोनी रोड, कटनी (म.प्र.)
Ph. 07622-422390, 796084 Help line 24x7: 8305402024